एक नजर में

## गुरु पूर्णिमा पर नरसिंह मंदिर को विधायक सिंघार ने दी साउंड सेट के लिए राशि



**बाग।** क्षेत्रीय विधायक उमंग सिंघार ने गुरु पूर्णिमा के अवसर पर नगर के मध्य स्थित श्री नरसिंह मंदिर में माइक एवं साउंड सेट हेतु राशि प्रदान की। कांग्रेस नेताओं ने मंदिर पहुंचकर महंत श्री ब्रजमोहनदास महाराज सहित मंदिर समिति को पंद्रह हजार रुपए की राशि का चेक सौंपा। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोहित झंवर, विधायक प्रतिनिधि भारतसिंह मंडलोई, ग्राम महाकालपुरा के उपसरपंच थानसिंह पटेल, विधायक कार्यालय प्रभारी राज मालानी सहित समाजसेवी नारायण झंवर, निर्मल अगाल, प्रवीण जाजू, दिनेश वैष्णव, आशु पंडित आदि मौजूद रहे।

## मंगलदास महाराज खाकी का अभिनंदन

इंदौर. गुरु पूर्णिमा पर महंत मंगलदास महाराज खाकी का अभिनंदन हजार दीप प्रजवलित कर किया गया. आयोजन श्री वैष्णवी ग्ररुप महिला मंडल ने नवरत्न बाग स्थित श्री विजय मारुति हनुमान मन्दिर में किया. प्रवीण जोशी ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर बड़ी संख्या में भक्त उत्सव में शामिल हुए. कार्यक्रम सुबह से लेकर शाम तक चला ।शुरूआत महाराजश्री की आरती के साथ पाद पूजन से हुई. उसके बाद नामदान का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ. सम्मान से महाराजजी का गला फूलों से भर गया. इस मौके पर महंत मंगलदास महाराज खाकी ने कहा कि विधाता सबसे बड़ा गुरु है, क्योंकि उसकी मर्जी के बगेर पत्ता भी नहीं हिलता है. दूसरे गुरु माता, पिता और आचार्य होते है. ये सम्मानीय ही नहीं पूजनीय भी है.

## अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में डेवेलपमेंट मैनेजमेंट में एमबीए

इंदौर. अज़ीम प्रेमजी विश्वविद्यालय ने डेवेलपमेंट मैनेजमेंट में एक्ज़ीक्यूटिव एमबीए कार्यक्रम की शुरुआत की घोषणा की है। यह एक वर्षीय पूर्णकालिक स्नातकोत्तर कार्यक्रम विशेष रूप से कार्यरत पेशेवरों के लिए तैयार किया गया है। इसका पहला बैच जनवरी 2026 में विश्वविद्यालय के बेंगलुरु परिसर में आरंभ होगा। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई, 2025 है. विस्तृत जानकारी और आवेदन हेतु आधिकारिक वेबसाइट पर विज़िट सकते हैं. यह कार्यक्रम प्रबंधन शिक्षा की बढ़ती माँग को पूरा करता है जो लाभ और प्रदर्शन से आगे बढ़कर समाज की आवश्यकताओं को केंद्र में रखकर प्रबंधन शिक्षा की अपेक्षा करती है. पारंपरिक एमबीए कार्यक्रमों से अलग, यह पाठ्यक्रम पेशेवरों को सामाजिक परिवर्तन, सार्वजनिक हित और समावेशी विकास पर केंद्रित संस्थाओं में प्रभावशाली योगदान देने के लिए तैयार करता है.

## कंज़्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स पर शानदार प्राइम डे डील्स

इंदौर. तैयार हो जाइए प्राइम डे 2025 के लिए, जो 12 जुलाई की आधी रात 12 बजे शुरू होकर 14 जुलाई तक चलेगा, तीन दिन तक बेहतरीन डील्स का ज़बरदस्त मौका! एप्पल, सैमसंग, सोनी, वनप्लस, जेबीएल, शाओमी और एलजी जैसे टॉप ब्रांड्स के लेटेस्ट स्मार्टफोन्स, लैपटॉप्स और स्मार्ट टीवी पर शानदार छूट का लाभ उठाएं. चाहे आप अपना फोन अपग्रेड करना चाहते हों या होम एंटरटेनमेंट सेटअप को बेहतर बनाना हो, यह समय है सबसे सही !इस प्राइम डे पर कंज़्युमर इलेक्ट्रॉनिक्स की बेस्ट रेंज पर टॉप डील्स का आनंद लें.

## द ग्रेट लर्निंग एआई चैलेंज शुरू किया

इंदौर. एडटेक कंपनी ग्रेट लर्निंग ने 'द ग्रेट लर्निंग एआई चैलेंज' की शुरुआत की है. यह एक फ्री और ऑनलाइन अपस्किलिंग प्रतियोगिता है, जो खास तौर पर जनरेटिव एआई में स्किल बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है. 13 से 15 जुलाई तक चलने वाले इस तीन दिन के कार्यक्रम में छात्र और प्रोफेशनल्स 40,000 रूपए मूल्य के 30 से ज्यादा कोर्स ग्रेट लर्निंग अकाडमी पर बिल्कुल मुफ्त में कर सकेंगे. अपर्णा महेश, चीफ मार्केटिंग ऑफिसर, ग्रेट लर्निंग ने कहा एआई आज काम करने, सोचने और कुछ नया बनाने का तरीका बदल रहा है– और जेन ज़ी इस बदलाव की अगुआई कर रही है. 'द ग्रेट लर्निंग एआई चैलेंज' के ज़रिए हम सिर्फ फ्री कोर्स नहीं दे रहे हैं, बल्कि देशभर में एक ऐसा अभियान शुरू कर रहे हैं जो जनरेटिव एआई जैसी स्किल को सभी के लिए आसानी से उपलब्ध बना सके.

## काइनेटिक ग्रीन इलेक्ट्रिक टू व्ही्लर बिजनेस का विस्तार करेगा

इंदौर. भारत की प्रमुख इलेक्ट्रिक टू–व्हीफलर एवं थ्री–व्हीलर बनाने वाली कंपनी काइनेटिक ग्रीन ने अपने इलेक्ट्रिक टू–व्हीपलर बिजनेस को बढ़ाने की एक बड़ी योजना की घोषणा की है. पिछले साल लॉन्च हुए उनके मशहूर ई–लूना की शानदार सफलता से उत्साहित होकर, कंपनी अब अगले 18 महीनों में तीन उच्चद प्रदर्शन वाले बॉर्न–इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च करने जा रही है, जो विश्वस्तरीय डिज़ाइन और मजबूत भारतीय इंजीनियरिंग का मिश्रण होंगे. इस विस्तार का पहला मॉडल एक प्रीमियम, स्टाइलिश और तकनीकी रूप से उन्नत फैमिली स्कूटर होगा, जिसे 2025 के त्योहारी सीज़न से पहले लॉन्च किया जाएगा. काइनेटिक ग्रीन की फाउंडर और सीईओ डॉ. सुलज्जा फिरोदिया मोटवानी ने कहा हम अपने नए बॉर्न–इलेक्ट्रिक स्कूटरों को लेकर बहुत उत्साहित हैं. हमारी ई–लूना और हाल ही में लॉन्च स्कूटरों की सफलता हमें और प्रेरित करती है.

## आर्टिस्ट निवेदिता शुक्ला को एमपी गौरव रत्न अवॉर्ड

इंदौर. आर्टिस्ट निवेदिता नीलाभ शुक्ला इन्दौर को राष्ट्रीय नारी सशक्तिकरण संघ द्वारा 2025 का एम. पी. गौरव रत्न अवॉर्ड– 2025 प्रदान किया गया. निवेदिता शुक्ला से भारत और भारत के बाहर के अमेरिका, यूके, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप और कई देशों के स्टूडेंट इनसे नियमित रूप से ऑनलाइन पेटिंग सीखते हैं जिसमें कई डॉक्टर्स और प्रोफेशनल्स भी शामिल हैं. इन्हें अनेक संस्थाओं द्वारा कई सम्मान और अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका हैं.

## लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 4 का आगाज

इंदौर. लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) – एक ग्लोबल क्रिकेट प्रॉपर्टी ने एक बार फिर शानदार आयोजन का आगाज कर दिया है। खेल के इस महाकुंभ में कुछ सबसे बड़े दिग्गज आएंगे! फ्रैंचाइज़ी फ़ॉर्मेट में आयोजित सीज़न 4 का बेसब्री से इंतजार था और आगामी 19 नवंबर से 13 दिसंबर, 2025 तक पूरे भारत के 7 शहरों में इस आयोजन की घोषणा के साथ क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर दौड़ गई है. लीजेंड्स लीग क्रिकेट के अध्यक्ष विवेक खुशलानी ने कहा पिछला सीज़न बेहद सफल रहा. सीज़न 4 उससे भी अधिक दमदार, बड़ा और शानदार होने वाला है. पहले से कहीं अधिक मैच, अधिक स्टार खिलाड़ी और अधिक शहरों की भागीदारी होगी. 'हम बड़े हर्षोल्लास से लीजेंड्स लीग क्रिकेट सीजन 4 की घोषणा कर रहे हैं. इस साल हम नए कीर्तिमान करने वाले हैं – अधिक मैच, अधिक जगह आयोजन और दिग्गज खिलाड़ियों का बड़ा जमावड़ा होगा। यह क्रिकेट का कुंभ है और हम एक बार फिर भारत का नाम रौशन करने के लिए तैयार हैं,'

## सैमसंग के सबसे पतले फोल्डेबल लस्मार्टफोन्स

इंदौर. दक्षिण कोरियाई टेक्नोलॉजी दिग्गज सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स अपने नवीनतम फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को 9 जुलाई को ब्रुकलिन, न्यूयॉर्क में लॉन्च किया है। सैमसंग अपने दूरदर्शी सोच और साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है, जो भविष्य को आकार देते हैं. कंपनी के फोल्डेबल्स – जो अब अपनी सातवीं पीढ़ी में हैं अब तक के सबसे पतले, सबसे हल्के और सबसे टिकाऊ हैं. ये वे मुख्य क्षेत्र हैं, जिन पर सैमसंग ध्यान केंद्रित करने वाला है, जब कंपनी के डिवाइस एक्सपीरियंस डिवीजन के कार्यवाहक प्रमुख टीएम रोह इस सप्ताह के अंत में ब्रुकलिन कन्वेंशन सेंटर में मंच संभालेंगे. कंपनी ने हाल ही में कहा है कि उसके इंजीनियर और डिजाइनर गैलेक्सी जेड सीरीज की हर पीढ़ी को पिछली से अधिक पतला, हल्का और टिकाऊ बनाने के लिए लगातार सुधार कर रहे हैं. सैमसंग ने कैमरा इनोवेशन का भी संकेत दिया है,

# राज्य फुटबाल स्पर्धा में डीएफए धार का पहला मुकाबला डीएफए इंदौर से होगा

**सब–जूनियर बॉयज़ फुटबॉल स्पर्धा का आयोजन देवास में होगा।**



**धार** (निप्र) मध्य प्रदेश फुटबॉल संघ जबलपुर और जिला फुटबॉल संघ देवास के संयुक्त तत्वाधान में दस दिवसीय सब–जूनियर बॉयज़ राज्य फुटबॉल स्पर्धा का आयोजन देवास में जुलाई माह के दूसरे सप्ताह में किया जा रहा है । इस फुटबॉल स्पर्धा में जिला फुटबॉल संघ (डीएफए) धार की टीम भी भाग लेगी। पुलिस अधीक्षक एवं पदेन डीएफए अध्यक्ष श्री मनोज सिंह तथा आरआई श्री पुरुषोत्तम बिश्नोई के मार्गदर्शन में चयन स्पर्धा, अभ्यास मैचों और प्रशिक्षण शिविर के पश्चात जिला फुटबॉल संघ धार के कार्यकारी अध्यक्ष श्री शमशेर सिंह यादव द्वारा डीएफए धार टीम की घोषणा की गई। राज्य स्पर्धा में प्रभावी प्रदर्शन के लिए डीएफए धार टीम को वरिष्ठ फुटबॉल प्रशिक्षक राजीव डेविड, शैलेंद्र पाल, लखन भाटिया, सुनीता भाभर, पंकज वर्मा, आशीष अमलियार द्वारा तराशा गया है। प्रशिक्षकों ने कहा कि यह स्पर्धा उदयमान खिलाड़ियों को फुटबॉल खेल में आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी।

जिला फुटबॉल संघ (डीएफए)धार के सचिव सुभाष डेविड ने बताया कि राज्य स्पर्धा में पश्चिम क्षेत्र के लिए 8 टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया है। धार को 卐ए卐 ग्रुप में इंदौर , जबलपुर और सागर टीमों के साथ रखा गया है। इसी प्रकार 卐बी卐 ग्रुप में रतलाम ,नीमच, देवास और रायसेन टीम को रखा गया है। यह स्पर्धा लीग कम नॉक आउट पद्धति से खेली जाएगी। धार टीम अपना पहला मुकाबला इंदौर से दूसरा मुकाबला जबलपुर से और तीसरा मुकाबला सागर टीम के साथ खेलेगी। सेमी फाइनल मुकाबले 18 जुलाई को और फाइनल मुकाबला 19 जुलाई को खेला जाएगा।

धार टीम इस प्रकार है गोलकीपर – देवांश पंवार और वेदांश सावले। डिफेंस – जैनिश बेंजामिन, आदेश कटारे, समर्थ सुनेर और डेंजिल बेंजामिन। मिडफिडर – अंश पवार, वैभव बैरागी, जलज मेंढ़ा, दिव्य कुमार राठौर और खुशाल यादव। फॉरवर्ड – रुशेल डेविड (कप्तान), ध्रुव चौहान (उप कप्तान), वेद शर्मा, नैनम प्रजापत, और परम सोराडा

राज्य स्पर्धा में जिला फुटबाल संघ (डीएफए) के श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अनेक वरिष्ठ खिलाड़ियों, पालकों, शैक्षणिक संस्थाओं, खेल संगठनों तथा सरदारपुर, बदनावर, मनावर, कुक्षी, धरमपुरी , गंधवानी, उमरबन धामनोद, लेबड़, पीथमपुर और नालछा के फुटबॉल क्लबों ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# ओम शांति केंद्र पर गुरू पूर्णिमा कार्यक्रम किया



**गंधवानी निप्र** ओम शांति सेंटर गंधवानी में प्रात: 8 बजे से गुरु पूर्णिमा का पर्व पर गंधवानी के आसपास के केंद्र से जुड़े भाई बहनों द्वारा बहुत ही सादगी पूर्ण तरीके से मनाया गया प्रात: योग मेडिटेशन जगतगुरु शिव बाबा परमपिता परमात्मा के महा वाक्यों का श्रवण किया गया तत्पश्चात केंद्र की वरिष्ठ दीदी उमा द्वारा अपने उद्बोधन से ज्ञानामृत कराया केंद्र के तमाम भाई बहनों ने उमा दीदी का सद्गुरु के रूप में पूजन एवं सम्मान किया गया केंद्र की ज्योति दीदी द्वारा सतगुरु के सम्मान में कविता सुनाई एवं उनका बहुमान किया केंद्र से जुड़े वालिया चौहान द्वारा सद्गुरु के रूप में उमा दीदी का स्वागत किया एवं सबको गुरु पूर्णिमा की शुभकामनाएं दी कार्यक्रम में आसपास के भाई बहनों के अलावा विशेष रूप से जयप्रकाश गुप्ता हरिभाई राठौर अंतर सिंह भाई गोविंद राठौड़ मांगीलाल सूर्यवंशी आरती बहन जीराबाद शांति माता कंचन माता राजू माता एवं भानु भाई उपस्थित थे उक्त जानकारी केंद्र के हरिभाई राठौर द्वारा दी गई

# धार की अनिता शर्मा ने श्रीलंका में मास्टर्स एथलेटिक्स में जीता कांस्य पदक



**धार.** 38 वी मास्टर्स एथलेटिक्स चेम्पियनशिप दिनांक 5 एवम 6 जुलाई को श्रीलंका के कोलंबो में महिंदा राजपकसा के दियागमा स्डेडियम में सम्पन्न हुई। इस प्रतियोगिता में भारत देश के लिए धार शहर की अंतरराष्ट्रीय धाविका अनिता शर्मा ने 60 प्लस में 400 मीटर दौ? में अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। आपने 400 मीटर 1 मिनिट 42 सेकेंड में पूरी की। अब अनिता शर्मा आने वाले समय मे एशियाड की तैयारी करेगी।

# राजगढ़ में विद्युत मंडल के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन का प्रदर्शन

**सरदारपुर.** राजगढ़ में विद्युत मंडल अधिकारियों के आतंक के खिलाफ सोमवार को भारतीय किसान यूनियन की हो सकती है भूख हड़ताल राजगढ़ में हर महीने विद्युत मंडल द्वारा बिना लिखित नोटिस दिए लगभग 150 से ज्यादा कनेक्शन बिना किसी लिखित नोटिस के काटे जा रहे हे । इसी की सूचना आम जन और किसानों द्वारा भारतीय किसान यूनियन टिकेत के जिला अध्यक्ष राकेश सोलंकी को दी गई जिसकी पड़ताल के लिए उन्होंने स्वयं उनकी माताजी के नाम का बिल 2 महीने नही भरा जिसके एवद में विद्युत मंडल के कर्मचारियों द्वारा बिना कोई लिखित नोटिस दिए सोलंकी के कॉम्पेक्स का विद्युत कनेक्शन 9 जुलाई सुबह 11 बजे काटा जिसका कॉप्लेक्स में उपस्थित लोगो ने वीडियो बनाया।

उसके बाद राकेश सोलंकी द्वारा बिजली विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ राजगढ़ थाने पर आवेदन दिया गया ।और साथ ही एक दिन बाद फोन पर धार एसी को भी अवगत करवाया. जिला अध्यक्ष राकेश सोलंकी द्वारा ही लगभग 3 माह पूर्व विद्युत मंडल से कनेक्शन काटने के संबंध में स्वयं के लेटर हेड पर जानकारी मांगी थी जिसमे स्पष्ट लिखा है,की किसी भी कनेक्शन को काटने से पहले उपभोगता को या घर के किसी व्यस्क व्यक्ति को 15 दिन पूर्व लिखित नोटिस दिया जाता है। साथ ही सोलंकी के फोन पर बिल भरने की अंतिम तिथि होती है वो 10 जुलाई है फिर भी 9 जुलाई को उनका कनेक्शन असंवैधानिक तरीके से काटा गया और आज दिनांक तक नही जोड़ा गया । अब सोलंकी का कहना है की वो सोमवार से विद्युत मंडल के इस आतंक के खिलाफ अपने कार्यकर्ताओं के साथ बिजली विभाग के खिलाफ भूख हड़ताल करेंगे।



# विश्व जनसंख्या दिवस पर निकाली रैली

**लाबरिया** – 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस पर जनसंख्या स्थरीकरण एवं योग्य दम्पति युवाओं में निष्पक्ष और आशापूर्ण विश्व में अपने मन चाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना है। पर मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी अरुण मोहरानी, मेडिकल ऑफिसर अनिल भंवर के दिशा निर्देश में क्षेत्रों में वर्तमान में शिशु जन्म से लेकर उसके ललन पालन, प?ाई, इलाज, आदि में आने वाली आर्थिक स्थितियों के कारणों से अधिक संख्या में बच्चों वाले परिवारों में गरीबी संसाधनों की कमी एवं मानव जीवन से जु?ी जीवन यापन करने के लिए रोजमारा एवं दैनिक आवश्यक पूर्तियों सामग्रियों (पर्याप्त पोषण ) को समय पर उपलब्ध नहीं करा पाने से परिवारों में स्वास्थ्य प्रभावित होता है । जिससे माताओं एवं शिशुओं में मृत्यु होने कि घटनाएं हो रही है। को कम करने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही मिशन परिवार विकास योजना के अंतर्गत सभी योग्य दम्पति सदस्यों को परिवार नियोजन के आस्थाई एवं स्थाई साधनों का परिचय करवाते हुए पनि के साधन अपनाने के लिए जागरूक (प्रेरित) करना है। उक्त बातें सेक्टर सुपरवाइजर रमेश भूरिया ने रैली में संबोधन के रूप में बताई । रैली में सरपंच, हायर सेकेण्डरी स्कूल के शिक्षक, शिक्षिका आंगनवाडी कार्यकर्ता आशा, ए एन एम सारोज शर्मा, व सुपरवाइजर सीताराम ठाकुर मौजूद रहे ।

# महाकाल जल यात्रा के स्वागत में गूंजेगा दसई नगर




**सरदारपुर.** दसई प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी भक्ति एवं आराधना के पवित्र पावन श्रावण मास के प्रथम सोमवार को बोल बम भव्य पुरुष कावड़ यात्रा अमका झमका माता मंदिर अमझेरा से दसाई राम रामेश्वर मंदिर तक युवा प्रेस क्लब दसाई के द्वारा निकाली जाएगी बताया जाता है की कावड़ यात्रा का यह दूसरा वर्ष है इस कावड़ यात्रा में विशेष आकर्षण डीजे ,ढोल , भोलेनाथ की झांकी रहेगी इस संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई जिसमें कमेटी द्वारा कांवड़ियों के लिए फरियाली के रूप में खिचड़ी चाय पानी साथ ही फल फरूट आदि की व्यवस्था की जाएगी।

एक नजर — मंत्री प्रहलाद पटेल, केन्द्रीय मंत्री सावित्री ठाकुर एवं ख्यात पत्रकार अषोक वानखेडे होंगे शामिल

# 16 जुलाई को होगा शब्द समागम 2025 का आयोजन

**जिला पत्रकार संघ का नवा आयोजन, 'धार की धड़कन' का होगा विमोचन, 800 से अधिक पत्रकारों को प्रदान होगी 10–10 लाख की बीमा पॉलिसी'**







**धार।** धार जिला पत्रकार संघ द्वारा इस वर्ष भी शब्द समागम 2025 रूपी भव्य कार्यक्रम 16 जुलाई बुधवार को आयोजित किया जा रहा हैं। पिछले वर्षों की तर्ज पर आयोजित इस अनूठे और गरिमामय शब्द समागम में देश–प्रदेश की ख्यात हस्तियों के साथ आदिवासी अंचल के धार, झाबुआ, अलीराजपुर, बड़वानी, खरगोन सहित जिलेभर के पत्रकार हिस्सा लेंगे। उक्त जानकारी देते हुए धार जिला पत्रकार संघ के अध्यक्ष पं. छोटू शास्त्री ने बताया कि शब्द समागम 2025 के मुख्य अतिथि पंचायत, ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद पटेल रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केन्द्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री जी ठाकुर करेगी। जबकि वरिष्ठ पत्रकार श्री अशोक वानखेडे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाने के लिए गरिमामय विशिष्ट अतिथि के रूप में धार विधायक श्रीमती नीना वर्मा, जिला भाजपा अध्यक्ष महंत निलेष भारती, ग्रामीण भाजपा जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार, प्रदेष मंत्री जयदीप पटेल, वरिष्ठ भाजपा नेता शेखर यादव एवं म.प्र. कांग्रेस कमेटी के प्रदेष सचिव हरदेवसिंह जाट, वरिष्ठ पत्रकार श्री हेमंत पाल भी उपस्थित रहेंगे। आयोजन लब्ध प्रतिष्ठित पत्रकार स्व. राजेन्द्र माथुर, स्व. कृष्ण लाल शर्मा व स्व. अरविंद काशिव को समर्पित है। इस अवसर पर श्री वानखेडे ''ग्रामीण पत्रकार भारतीय लोकतंत्र का सच्चा पहरेदार है'' विषय पर अपना उद्बोधन भी देगे।

शब्द समागम 2025 में अतिथियों द्वारा प्रतिष्ठित धार की धड़कन स्मारिका का विमोचन से होगा एवं जिलेभर के 800 से अधिक पत्रकारों को दस–दस लाख की बीमा पॉलिसी प्रदान की जायेगी।

### इन हस्तियों ने भी की है षिरकत

पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों में तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री श्री नरेन्द्र सिंह जी तोमर, तत्कालीन केन्द्रीय मंत्री श्री थावरचंद जी गेहलोत, तत्कालीन गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम जी मिश्रा, राष्ट्रीय महासचिव श्री कैलाश जी विजयवर्गीय, तत्कालीन प्रदेश भाजपा अध्यक्ष स्वर्गीय श्री प्रभात झा, पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री विक्रम वर्मा, मूर्धन्य पत्रकार श्री दीपक चौरसिया (न्यूज नेशन), श्री सुमित अवस्थी (ए.बी.पी. न्यूज), श्री श्रीवर्धन त्रिवेदी (ए.बी.पी न्यूज), श्री सईद अंसारी (आजतक), श्री मनोज मनू (इंडिया न्यूज), श्री राजेश बादल (पूर्व संपादक राज्यसभा टीवी), प्रेस क्लब ऑफइण्डिया के सचिव संजय सिंह सहित अन्य हस्तियां हिस्सा ले चुकी है।